# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/ गुण. एवं प्रशि.अनु/गुण.प्र/RKSMBK/61186/2023–24/ दिनांकः .2023

06.10.2023

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।**
**समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।**

**विषय :–** शैक्षिक सत्र 2023–24 में कक्षा 3 से 8 के विद्यार्थियों के आकलन के संबंध में।

**प्रसंग :–** प्रदत्त निर्देशों के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के दक्षता आधारित अध्ययन से विद्यार्थियों में गत सत्रों में वंचित दक्षताओं को प्राप्त करने एवं विस्मृत दक्षताओं की पुनः प्राप्ति के लिए शिक्षण को विद्यार्थियों को केंद्रित करने के उद्देश्य से गत सत्र की भांति इस सत्र में भी बजट घोषणा 2023'–24 के बिन्दु संख्या 3 के क्रम में ''राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम'' कार्यक्रम को अनवरत चलाया जा रहा है। ''राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम'' कार्यक्रम में दक्षता आधारित अध्ययन तथा आकलन के संबध में संचालित सत्र 2023–24 हेतु आकलन एवं अंक प्रावधान के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान किए जाते हैः–

- **आकलन के संबंध में निर्देश** :– कक्षा 1 से 5 के लिए सम्मेटिव एसेसमेंट , कक्षा 6 से 8 के लिए परख एवं परीक्षा के अतिरिक्त कक्षा 3 से 8 के तीन विषयों (गणित, अंग्रेजी एवं हिन्दी ) के लिए आर.के.एस.एस.बी.के के तहत आकलन किया जाएगा। इस प्रकार सत्र के लिए आकलन के तिथियों का विवरण निम्नानुसार होगा :–

| कक्षा | प्रथम परख | एसए–1 | द्वितीय परख | RKSMBK-1 ( 3 Subject) | अर्द्धवार्षिक परीक्षा /एसए–2 / RKSMBK-2 ( 3 Subject) | एसए–3 का RKSMBK-3 के रूप में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03–04 | – | आरकेएसएमबीके आकलन 1 के साथ ( 30–31 अक्टूबर तथा 1 नवम्बर 2023) | – | 30–31 अक्टूबर तथा 1 नवम्बर 2023 | 11–23 दिसम्बर, 2023 | तीन विषयों का RKSMBK तथा सभी विषयों के एसए–3 (08– 25 अप्रेल 2023) |
| 05 | – | आरकेएसएमबीके आकलन 1 के साथ (30–31 अक्टूबर तथा 1 नवम्बर 2023) | – | 30–31 अक्टूबर तथा 1 नवम्बर 2023 | 11–23 दिसम्बर, 2023 | बोर्ड मार्च में निर्धारित तिथि पर |
| 06–07 | पूर्ण | – | 19 से 21 अक्टूबर | 2 से 4 नवम्बर 2023 | 11–23 दिसम्बर, 2023 | तीन विषयों का RKSMBK तथा सभी विषयों के एसए–3 (08– 25 अप्रेल 2023) |
| 08 | पूर्ण | – | 19 से 21 अक्टूबर | 2 से 4 नवम्बर 2023 | 11–23 दिसम्बर, 2023 | बोर्ड मार्च निर्धारित तिथि पर |

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.10.06 07:25:28 IST
Reason: Approved

❖ **<u>कक्षा 1–2 के आकलन –</u>**

- आर.के.एस.एम.बी.के के अन्तर्गत कक्षा 1 एवं 2 के लिए पृथक से कोई आकलन प्रस्तावित नही है अतः पूर्ववत् सत्रों (2019–20 एवं पूर्व) की भांति ही शिविरा में निर्धारित तिथियों पर सम्मेटिव एसेसमेंट ही कराया जाएगा।
- अंक योजना (ग्रेड़िग) एवं परिणाम का रिपोर्ट कार्ड विद्यालय स्तर पर ही तैयार कराया जाएगा तथा प्रविष्टि पूर्ववत ही शालादर्पण पर की जानी हैं।

❖ **<u>कक्षा 3–8 के आकलन/परख/परीक्षा के संबंध में–</u>**

- कक्षा 3–5 के लिये <u>एट ग्रेड विषयवस्तु अध्ययन आकलन</u> के लिये पूर्वानुसार सम्मेटिव असेसमेन्ट/परख/परीक्षा करवायी जानी हैं तथा <u>बिहाइंड ग्रेड विषयवस्तु अध्ययन आकलन</u> के लिये वर्कबुक आधारित आर.के.एस.एम.बी.के आकलन 30–31 अक्टूबर तथा 1 नवम्बर 2023 करवाये जाना है।
- एट ग्रेड विषयवस्तु अध्ययन आकलन हेतु **कक्षा 3 से 5 के लिए एसए–1,** आरकेएसएमबीके आकलन 1 के साथ दिनांक 30–31 अक्टूबर तथा 1 नवम्बर 2023 को आयोजित किया जाना है ।
- कक्षा 3 से 5 के लिए **एस.ए–2** आरकेएसएमबीके आकलन 2 के साथ एवं कक्षा 6 से 8 हेतु आयोज्य अर्द्धवार्षिक परीक्षा के साथ दिनांक 11–23 दिसम्बर, 2023 के मध्य कराया जाना है।
- 2 से 4 नवम्बर 2023 पर कक्षा 6 से 8 के लिए प्रावधानित तीनों विषयों (गणित, अंग्रेजी एवं हिन्दी) के लिए आर.के.एस.एम.बी.के आकलन का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक विषय के आर.के.एस.एम.बी.के आकलन में कक्षा 3 से 5 के लिए प्रश्नों की संख्या 20 रहेगी तथा कक्षा 6 से 8 के लिए प्रश्नों की संख्या 30 रहेगी।
- कक्षा 6 से 8 के लिए प्रथम तथा द्वितीय परख शिविरा पंचाग में उल्लिखित तिथियों पर ही किया जाना हैं, **<u>शिविरा पंचांग में उल्लेखित तृतीय परख का आयोजन नहीं किया जाना है।</u>**
- कक्षा 6 से 8 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा एवं गणित, अंग्रेजी एवं हिन्दी विषयों हेतु आरकेएसएमबीके–2 का आयोजन दिनांक 11–23 दिसम्बर, 2023 के मध्य कराया जाएगा।
- कक्षा 3 व 4 की एसए–3 कक्षा 6 व 7 की वार्षिक परीक्षा एवं गणित, अंग्रेजी एवं हिन्दी विषयों हेतु आरकेएसएमबीके–3 का आयोजन दिनांक 08–25 अप्रेल 2023 के मध्य कराया जाएगा।
- कक्षा 5 एवं 8 के लिए बोर्ड परीक्षा पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षा द्वारा निर्धारित तिथियों को कराई जाएगी, जिसमें पाठ्यपुस्तक के साथ–साथ वर्कबुक के दक्षता आधारित प्रश्न भी समाहित रहेंगे।

❖ **<u>कक्षा 9–12 के परख/परीक्षा के संबंध में–</u>**

- कक्षा 9 से 12 के लिए पृथक से कोई आकलन प्रस्तावित नही है, अतः शिविरा पंचाग 2023–24 में उल्लेखित तिथियों पर पूर्ववत् सत्रों (2019–20 एवं पूर्व) की भांति ही परख/परीक्षाएं करवाई जानी हैं।
- अंक योजना (ग्रेड़िग) एवं परिणाम का रिपोर्ट कार्ड विद्यालय स्तर पर ही तैयार कराया जाएगा।

❖ **<u>परख/परीक्षा/सम्मेटिव असेसमेंट एवं आर.के.एस.एम.बी.के आकलन हेतु पाठ्यवस्तु का विवरणः–</u>**

- कक्षा 1–2 : सम्मेटिव असेसमेंट, पाठ्यपुस्तकों व वर्कबुक के आधार पर
- कक्षा 3–5 : सम्मेटिव असेसमेंट– पाठ्यपुस्तकों के आधार पर
  आर.के.एस.एम.बी.के आकलन– वर्कबुक के आधार पर
- कक्षा 6–8 : परख/परीक्षा– पाठ्यपुस्तकों के आधार पर
  आर.के.एस.एम.बी.के आकलन– वर्कबुक के आधार पर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.10.06 07:25:28 IST
Reason: Approved

❖ **<u>आर.के.एस.एम.बी.के सम्मिलित करने के बाद अंक भारः–</u>**

| कक्षा | प्रथम परख अंक | एसए–1 | द्वितीय परख अंक | RKSMBK-1 ( 3 Subject) अंक/ ग्रेड | अर्द्धवार्षिक परीक्षा/एसए–2/ RKSMBK-2 ( 3 Subject) अंक/ ग्रेड | एसए–3 का RKSMBK-3 के रूप में / वार्षिक परीक्षा अंक/ ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01–02 | – | ग्रेड | – | – | ग्रेड | ग्रेड |
| 03–04 | – | ग्रेड | – | ग्रेड | ग्रेड | ग्रेड |
| 05 | – | ग्रेड | – | ग्रेड़ | ग्रेड | आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंक पूर्व के आकलनों से |
| 06–07 | 10 | – | 10 | 15 | 65<br>(15 RKSMBK-2 +50 हिन्दी, अंग्रेजी, गणित अर्द्धवार्षिक जिसमें से 10 अंकों का मौखिक एवं 40 अंकों की लिखित परीक्षा )<br><br>अन्य विषयों सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा के लिये 80 अंको अर्द्धवार्षिक जिसमें से 15 अंकों का मौखिक एवं 65 अंकों की लिखित परीक्षा | 100<br>(30 RKSMBK+70 हिन्दी, अंग्रेजी, गणित वार्षिक जिसमें से 15 अंकों का मौखिक एवं 55 अंकों की लिखित परीक्षा )<br><br>अन्य विषयों सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा के लिये 100 अंको की वार्षिक परीक्षा विद्यालय स्तर से जिसमें से 20 अंकों का मौखिक एवं 80 अंकों की लिखित परीक्षा ) |
| 08 | 10 | – | 10 | 15 | 65<br>(15 RKSMBK-2 +50 हिन्दी, अंग्रेजी, गणित अर्द्धवार्षिक जिसमें से 10 अंकों का मौखिक एवं 40 अंकों की लिखित परीक्षा )<br>अन्य विषयों सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा के लिये 80 अंको जिसमें से 15 अंकों का मौखिक एवं 65 अंकों की लिखित परीक्षा | आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंक पूर्व के आकलनों से |

❖ **<u>कक्षा 1–2 के लिये –</u>**

- आर.के.एस.एम.बी.के के अन्तर्गत कक्षा 1 एवं 2 के लिए पृथक से कोई आकलन प्रस्तावित नही है अतः पूर्ववत् सत्रों (2019–20 एवं पूर्व) की भांति ही सम्मेटिव एसेसमेंट कराया जाएगा तथा पूर्वानुसार ग्रेड प्रदान की जाएगी।

❖ **<u>कक्षा 3–5 के संबंध में–</u>**

- एट ग्रेड विषयवस्तु अध्ययन आकलन के लिये पूर्वा[illegible] जाना हैं तथा बिहांइड ग्रेड आकलन के लिये आर.के.एस.एम.बी.के [illegible]

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.10.06 07:25:28 IST
Reason: Approved

- एट ग्रेड विषयवस्तु आकलन हेतु **एसए–1 जो कि आरकेएसएमबीके आकलन–1 के साथ विद्यालय स्तर पर करवाया जाना है, में** पूर्वानुसार ग्रेड ही प्रदान की जानी हैं।
- दिनांक 30–31 अक्टूबर तथा 1 नवम्बर 2023 को आयोज्य **आरकेएसएमबीके आकलन–1** में ग्रेड प्रदान की जानी हैं।
- आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–2 के साथ एस.ए–2 करवाया जाना हैं, जिसमे से हिन्दी, अंग्रेजी, गणित विषय के आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–2 आकलन पत्रक विभाग द्वारा तथा एस.ए–2 पत्रक विद्यालय स्तर से तैयार करवाया जाना हैं। पर्यावरण विज्ञान के लिये आकलन पत्रक विद्यालय स्तर से निर्मित करवाया जाना हैं, पूर्वानुसार ग्रेड प्रदान की जानी हैं।
- आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–2 के साथ एस.ए–3 करवाया जाना हैं, जिसमे से हिन्दी, अंग्रेजी, गणित विषय के आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–3 पत्रक विभाग द्वारा तथा एस.ए–3 पत्रक विद्यालय स्तर से तैयार करवाया जाना हैं। पर्यावरण विज्ञान के लिये आकलन पत्रक विद्यालय स्तर से निर्मित करवाया जाना हैं, पूर्वानुसार ग्रेड प्रदान की जानी हैं।
- कक्षा–5 के लिये पूर्वानुसार बोर्ड परीक्षा करवाई जाएगी अतः एस.ए–3 व आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–3 का आयोजन नहीं किया जाना हैं। आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंक पूर्व के आकलनों (एस.ए–1 व 2, आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–1 व 2) के 20 प्रतिशत अंको के आधार पर दिये जाने हैं।

❖ **<u>कक्षा 6–8 के संबंध में–</u>**

- एट ग्रेड विषयवस्तु अध्ययन आकलन के लिये पूर्वानुसार परख/परीक्षा करवाया जाना हैं तथा बिहांइड ग्रेड आकलन के लिये आर.के.एस.एम.बी.के आकलन करवाये जाने है।
- एट ग्रेड विषयवस्तु आकलन हेतु 10–10 अंको के प्रथम तथा द्वितीय परख करवाने हैं।
- 2 से 4 नवम्बर 2023 में आयोज्य **आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–1** प्रावधानित तीनों विषयों (गणित, अंग्रेजी एवं हिन्दी ) के लिये 15–15 अंक प्रति विषय का रहेगा।
- जिन विषयों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के साथ आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–2 करवाया जाना हैं वह परीक्षाऐं 65 अंकों की रहेगी। जिसमे से हिन्दी, अंग्रेजी, गणित विषय के 15 अंक का आर.के.एस.एम.बी. के आकलन–2 प्रश्न पत्र विभाग द्वारा तथा 50 अंक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा (लिखित=40 अंक तथा मौखिक=10 अंक) विद्यालय स्तर पर की जानी हैं। अन्य विषयों सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा के लिये 80 अंको की अर्द्धवार्षिक परीक्षा (लिखित=65 अंक तथा मौखिक=15 अंक) विद्यालय स्तर पर की जानी हैं।
- वार्षिक परीक्षा के साथ आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–3 करवाया जाना हैं वह कुल 100 अंकों का रहेगा। जिसमे से हिन्दी, अंग्रेजी, गणित विषय के 30 अंक का आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–3 प्रश्न पत्र विभाग द्वारा तथा 70 अंक की वार्षिक परीक्षा (लिखित=55 अंक तथा मौखिक=15 अंक) विद्यालय स्तर पर की जानी हैं। अन्य विषयों सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा के लिये 100 अंको की वार्षिक परीक्षा (लिखित=80 अंक तथा मौखिक=20 अंक) विद्यालय स्तर पर की जानी हैं।
- कक्षा–8 के लिये पूर्वानुसार बोर्ड परीक्षा करवाई जाएगी अतः एस.ए–3 व आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–3 का आयोजन नहीं किया जाना हैं। आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंक पूर्व के आकलनों (प्रथम व द्वितीय परख, अर्द्धवार्षिक परीक्षा व ,आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–1 व 2) के 20 प्रतिशत अंको के आधार पर दिये जाने हैं।

❖ **<u>शालादर्पण पर अंक अथवा ग्रेड्स की प्रविष्टि व रिपोर्ट कार्ड :–</u>**

- कक्षा 1 व 2 के लिए पूर्वानुसार ग्रेड़िग की प्रविष्टि शाला दर्पण पर की जानी हैं।
- कक्षा 3 से 5 के लिए करवाये जाने वाले एसए की प्रविष्टि शालादर्पण पर की जानी है। तथा आर. के.एस.एम.बी.के आकलनों की प्रविष्टि एप के माध्यम से तथा पर्यावरण अध्ययन की ग्रेडिंग का अंकन पूर्व की भांति शालादर्पण पर किया जाएगा, जहां से सिंक डेटा को होलेस्टिक कार्ड में प्रदर्शित किया जाएगा।
- कक्षा 6–8 के लिए पूर्व में आयोजित परखों व परीक्षाओं की प्रविष्टि शालादर्पण मॉड्यूल पर की जानी है तथा आर.के.एस.एम.बी.के आकलनों की प्रविष्टि एप के [illegible] क विज्ञान, विज्ञान तथा

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation: Director
Date: 2023.10.06 07:25:28 IST
Reason: Approved

तृतीय भाषा का अंकन पूर्व की भांति शालादर्पण पर किया जाएगा, जहां से एप इनका डेटा ले लेगा, जिसे होलेस्टिक कार्ड में प्रदर्शित किया जाएगा।

उपर्युक्त निर्देशानुसार प्रत्येक कार्यालय (JD/CDEO/ DEO/CBEO) तथा विद्यालयों के संस्थाप्रधान पत्र में प्रदत्त निर्देशों के अनुरूप विद्यालयों में आकलन करवाना सुनिश्चित करें।

(काना राम)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि** :— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. आयुक्त तथा राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
3. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
4. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर ।
5. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, NIC, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर
6. उपनिदेशक शालादर्पण जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्तानुसार आवश्यक मॉड्यूल निर्माण करवाना सुनिश्चित करें।
7. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
8. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.10.06 07:25:28 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4685063